# कार्यालय, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
## नगरपारा, भागलपुर – 853203 (बिहार)

डॉ0 दीपक कुमार (बि0 शि0 से0)
प्र0 प्राचार्य

:- ptecnagarpara17@gmail.com
:- www.ptecnagarpara.org.in


पत्रांक 125/ नगरपारा, दिनांक 02/02/2026

**कोटेशन (दर उद्धरण) आमंत्रण सूचना सं0 32 वर्ष 2025–26**

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, नगरपारा, भागलपुर से टैग कुल 07 लैब विद्यालय में डी0एल0एड0 सत्र 2024–26 द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षुओं को SEP-2 हेतु भेजा गया है। प्रशिक्षुओं की उपस्थिति दर्ज करने हेतु सभी लैब विद्यालय में **ESSL Al Face Mars Bio-metric** लगाया गया है। बायोमैट्रिक में प्रशिक्षुओं की ऑनलाईन उपस्थिति देखने हेतु सभी बायोमैट्रिक मशीन में Ethernet Connection की आवश्यकता है।

अतः महाविद्यालय से टैग सभी सातो लैब विद्यालय में अधिष्ठापित **ESSL Al Face Mars Bio-metric** मशीन में Ethernet Connection लगाने हेतु संबंधित कार्य में अनुभव रखने वाले इच्छुक स्थानीय भेण्डर प्रति Ethernet Connection GST के साथ मूल्य दर का कोटेशन सीलबंद लिफाफे में प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, नगरपारा, भागलपुर पिन नं0 853203 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/E-mail- ptecnagarpara17@gmail.com अथवा हाथों–हाथ कार्यालय अवधि में आमंत्रित की जाती है।

**कोटेशन संबंधित दिशा–निर्देश निम्नवत है :–**

1. कोटेशन प्रति Ethernet Connection की दर से GST के साथ देना अनिवार्य है।
2. कोटेशन सील बंद लिफाफे में दिनांक 05.02.2026 संध्या 03:00 बजे तक प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय नगरपारा, भागलपुर–853203 के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट अथवा हाथों–हाथ कार्यालय में जमा कराया जा सकता है।
3. कोटेशन दाता को GST NO./PAN NO. तथा आधार नं0 संलग्न करना आवश्यक है।
4. निर्धारित तिथि तक सीलबंद लिफाफे में प्राप्त कोटेशन दिनांक 05.02.2026 को अपराहन् 05:00 बजे प्राचार्य कक्ष में गठित क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष खोला जाएगा। सबसे कम दर वाले कोटेशन दाता द्वारा समर्पित आवश्यक दस्तावेजों के जाँचोपरान्त कार्यादेश निर्गत किया जाएगा। उपरोक्त अवधि एवं समय में कोटेशनदाता स्वंय अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।
5. कार्यादेश निर्गत–तिथि से दो दिनों के अवधि में Ethernet Connection का अधिष्ठापन भेण्डर द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा, अन्यथा की स्थिति में अद्योहस्ताक्षरी उचित निर्णय लेने हेतु स्वतंत्र होगें।
6. अधिष्ठापित किये गये Ethernet Connection की गुणवत्ता/विशिष्टयाँ मानक के अनुरूप नहीं होने पर वापस की जा सकेगी।
7. यदि न्यूनतम दर वाले कोटेशन दाता/आपूर्तिकर्त्ता के साथ अनुबंध किसी कारणवश नहीं हो पाता है तो उसके बाद कम दर वाले आपूर्त्तिकर्त्ता का चयन कर क्रयादेश दिया जायेगा। विस्तृत सूचना संस्थान से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है, अथवा महाविद्यालय के बेवसाईट https://www.ptecnagarpara.org.in/ का अवलोकन किया सकता है। कोटेशन को बिना कोई कारण बताये रद्द करने/संशोधित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

02.02.26

वरीय व्याख्याता
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर

प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर

ज्ञापांक 125/नगरपारा, दिनांक 02/02/2026

प्रतिलिपि :– श्री राजेश कुमार, व्याख्याता–सह–चेकर/श्री प्रकाश कुमार, लिपिक–सह–मेकर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आंतरिक समिति/क्रय समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं निदेश है कि अपने स्तर से व्यापक प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करेंगें।

प्रतिलिपि :– श्री केतन कन्हैया, Accountant Assistant, PTEC NAGARPARA भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– निदेशक, SCERT पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रभारी प्राचार्य
प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय
नगरपारा, भागलपुर